दैनिक भास्कर 23.07.2023

बीए, बीकॉम व बीएससी सप्लीमेंट्री एग्जाम के लिए आवेदन 31 तक

रायपुर | बीए, बीकॉम, बीएससी समेत अन्य कक्षाओं की पूरक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। यह प्रक्रिया कुछ दिनों पहले शुरू हुई है। पूरक परीक्षा अगस्त में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही समय-सारणी जारी की जाएगी। रविवि की वार्षिक परीक्षा 1 मार्च से लेकर मई के दूसरे सप्ताह तक आयोजित की गई। इसके नतीजे पिछले दिनों जारी किए गए। इस बार बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए समेत अन्य कक्षाओं का रिजल्ट कमजोर रहा है। खासकर, ग्रेजुएशन प्रथम वर्ष में बड़ी संख्या में छात्रों फेल हुए हैं और कई छात्रों को पूरक की पात्रता मिली है। इसलिए इस बार सप्लीमेंट्री एग्जाम देने वाले छात्रों की संख्या अधिक होने की संभावना है।